दिन– गुरुवार दिनांक– 21 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य सरकार ने स्थानीय निकायों को अनुदान देने के लिए छठे राज्य वित्त आयोग की अनुशंसाओं को लागू रखने का फैसला किया।

02. प्रदेश के विभिन्न पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर असामाजिक तत्वों पर सख्ती के लिए पैनिक बटन लगाये जायेंगे।

03. पटना उच्च न्यायालय ने सहरसा जिले में मध्याह्न भोजन करने के बाद बच्चों की तबीयत बिगड़ने के मामले में स्वतः संज्ञान लिया। राज्य सरकार से मांगा जवाब।

04. और, मौसम विभाग ने आज औरंगाबाद, भभुआ, भोजपुर और रोहतास जिले में लू को लेकर रेड अलर्ट जारी किया।

———————————————————————

प्रदेश में छठे वित्त आयोग की अनुशंसा के आधार पर ही राशि का हस्तांतरण होगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। सातवें राज्य वित्त आयोग की अनुशंसाएं अब तक प्राप्त नहीं होने के कारण मंत्रिमंडल ने वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस में स्थानीय निकायों को अनुदान देने के छठे राज्य वित्त आयोग की पूर्व स्वीकृत अनुशंसाओं को लागू रखने का फैसला किया है। सरकार ने कहा है कि यदि अनुदान राशि का हस्तांतरण नहीं होता तो ग्रामीण और शहरी निकायों की जनकल्याणकारी योजनाएं प्रभावित होंगी। इस स्थिति से बचने के लिए दो हजार इक्कीस–पच्चीस तक लागू व्यवस्था के अनुरूप ही राशि का हस्तांतरण और योजनाओं का क्रियान्वयन जारी रहेगा।

कैबिनेट बैठक में कैमूर के कुदरा में पावर प्लांट और ग्रेन बेस्ड इथेनॉल प्लांट लगाने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गयी है। कैबिनेट सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविन्द कुमार चौधरी ने बताया कि नालंदा जिले के बेन में बॉयल राईस उत्पादन केंद्र स्थापित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी गयी है।

———साउंड बाइट———

कैबिनेट ने प्रदेश में नये अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर हवाई संपर्क बढ़ाने की नीति के तहत इंडिगो को गयाजी से बैंकॉक सीधी उड़ान की अनुमति दे दी है।

———साउंड बाइट———

कैबिनेट ने कुल तेरह प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की।

———————————————————————

प्रदेश में आपातकालीन हेल्पलाईन नम्बर डॉयल–एक एक दो के अन्तर्गत अब रेलवे, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, पथ परिवहन विभाग और अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम को भी जोड़ा जायेगा। इसके साथ ही ध्वनि प्रदूषण से जुड़ी शिकायतें भी इस हेल्पलाईन पर दी जा सकेगी। राज्य तकनीकी सेवाएं और संचार के अपर पुलिस महानिदेशक अमित लोढ़ा ने बताया कि लोगों की सुविधा के लिए डॉयल एक एक दो का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य के विभिन्न पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर असामाजिक तत्वों पर सख्ती के लिए पैनिक बटन लगाये जायेंगे।

———साउंड बाईट———

———————————————————————

मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए नौ हजार तीन सौ सैंतालीस लाभार्थियों का चयन किया गया है। उद्योग सह खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने योजना के अंतर्गत आवेदकों का औपबंधिक चयन किया। अंतिम रूप से चयनित आवेदकों को प्रशिक्षण प्रदान करने के बाद तीन किस्तों में लगभग नौ सौ दस करोड़ रूपये की राशि वितरित की जायेगी। इसके तहत प्रत्येक लाभार्थी के अधिकतम दस लाख रूपये दिये जाते हैं। इसमें पचास प्रतिशत राशि अनुदान और पचास प्रतिशत राशि बिना ब्याज क ऋण के रूप में दी जाती है।

———————————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने सहरसा जिले के महषि प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय, बलुआहा में मध्याह्न भोजन खाने के बाद बच्चों की तबीयत बिगड़ने के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। न्यायमूर्ति राजीव रंजन प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस संबंध में राज्य सरकार से जवाब तलब किया है। न्यायालय ने स्थानीय पुलिस अधीक्षक को मामले की अगली सुनवाई पर विस्तृत रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई दो जून को होगी।

———————————————————————

मगध विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। लोक भवन ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के अनुसार विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉक्टर दिलीप कुमार केसरी को कुलपति का प्रभार सौंपा गया है। प्रोफेसर केसरी बिना कुलाधिपति की पूर्व स्वीकृति के कोई नीतिगत निर्णय नहीं लेंगे।

———————————————————————

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कल मेटा, गूगल और टेलीग्राम सहित प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित गलत सूचनाओं के बढ़ते प्रसार पर चिंता व्यक्त की गई। यह बैठक

इक्कीस जून को होने वाली नीट–यूजी दो हजार छब्बीस की पुनर्परीक्षा से पहले काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि कई ऐसे सोशल मीडिया अकाउंट है जो परीक्षाओं से पहले अत्यधिक सक्रिय हो जाते हैं तथा फर्जी पेपर लीक के दावे, क्लिकबेट सामग्री और अफवाह फैलाते हैं। इससे छात्रों और अभिभावकों में चिंता और भ्रम की स्थिति पैदा होती है। एक अन्य बैठक में, शिक्षा मंत्री ने नीट–यूजी पुनर्परीक्षा के सुरक्षित, निष्पक्ष और सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए कड़ी निगरानी और पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की आवश्यकता पर बल दिया।

———————————————————————

प्रदेश के अधिकांश भागों में गर्मी और उमस से जनजीवन प्रभावित है। मौसम विभाग ने आज औरंगाबाद, भभुआ, भोजपुर और रोहतास जिले में लू चलने की आशंका को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, सीतामढ़ी, मधुबनी, अररिया, किशनगंज, पटना, गया और कटिहार समेत राज्य के उत्तरी और दक्षिणी भागों के कुछ स्थानों पर आंधी–बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान तैंतालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ कैमूर जिले का भभुआ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। इस दौरान रोहतास के डेहरी का अधिकतम तापमान तैंतालीस डिग्री सेल्सियस, औरंगाबाद का इकतालीस दशमवल पांच, छपरा का चालीस दशमलव दो और पटना का अधिकतम तापमान अड़तीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

———————————————————————

भीषण गर्मी को देखते हुये भोजपुर जिला प्रशासन ने जिले के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में वर्ग आठ तक की शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह प्रतिबंध तेईस जून तक जारी रहेगा। प्री–स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र और कोचिंग संस्थान भी इस प्रतिबंध के दायरे में रहेंगे। वहीं, वर्ग आठ से ऊपर की कक्षाएँ सुबह ग्यारह बजे तक ही संचालित होंगी।

———————————————————————

जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने केन्द्र सरकार से मधुबनी जिले के ऐतिहासिक और पुरातात्विक धरोहर बलिराजगढ़ के व्यापक उत्खनन के लिए दस वर्ष की परियोजना शुरू करने का आग्रह किया है। नई दिल्ली में केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखवत से मुलाकात कर श्री झा ने दरभंगा स्थित मिथिला शोध संस्थान को ज्ञान भारतम् मिशन में शामिल करने का भी आग्रह किया।

———————————————————————

रेलवे ने वाराणसी मंडल के गोरखपुर कैन्ट– पनियहवा रेलखंड के उनौला–पिपराई स्टेशनों के बीच दोहरीकरण कार्य को लेकर आठ जून तक कई ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया है। इसके चलते नरकटियागंज–गोरखपुर कैन्ट खंड की कई सवाड़ी रेलगाड़ियां पूरी तरह रद्द रहेंगी। वहीं, लालकुआं–कालकाता स्पेशल ट्रेन, दिल्ली–मोतिहारी स्पेशल ट्रेन, दिल्ली–सीतामढ़ी और गांधीधाम–भागलपुर स्पेशल ट्रेन समेत सोलह स्पेशल ट्रेन भी रद्द रहेंगी। इसके अलावा कटिहार–दिल्ली एक्सप्रेस और गोरखपुर–कालकाता एक्सप्रेस समेत तेरह रेलगाड़ियों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है।

इधर, रेलवे ने दानापुर मंडल के नवादा और वारिसलीगंज स्टेशनों के बीच स्थित बाधी बरडीहा स्टेशन पर जमलापुर–गया मेमू ट्रेन को पच्चीस मई से एक मिनट का ठहराव देने का निर्णय लिया है।

————————————————————

आज अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन –एफएओ द्वारा मनाया जाता है। यह उत्सव चाय के टिकाऊ उत्पादन, उपभोग और व्यापार को बढ़ावा देता है। इस वर्ष इस दिवस की थीम है – चाय की उपयोगिता को बनाए रखना, समुदायों का समर्थन करना। चाय का उत्पादन और प्रसंस्करण लाखों परिवारों की आजीविका का मुख्य स्रोत है। चाय की उत्पत्ति पांच हजार वर्षों से भी अधिक पुरानी है, और आज भी यह एक करोड़ तीस लाख से अधिक लोगों का भरण–पोषण करती है।

————————————————————

मधुबनी जिले में भारत–नेपाल जिला स्तरीय सीमा समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में मानव तस्करी, मादक पदार्थों के सीमा में प्रवेश पर नियंत्रण, अतिक्रमण और जाली नोटों पर अंकुश, सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में स्थानीय जिलाधिकारी आनंद शर्मा और नेपाल के सिरहा जिला के सीडीओ सुरेन्द्र पौडेल समेत दोनों पक्षो के प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने भाग लिया।

————————————————————

सारण जिले के छपरा में जनगणना कार्य में सहयोग नहीं करने पर जिलाधिकारी सह प्रधान जनगणना अधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने विभिन्न प्रखंडों में कार्यरत एक सौ छह पंचायत सचिवों पर एक हजार रुपये का अर्थ दंड लगाया है। इस राशि की कटौती पंचायत सचिवों के वेतन से की जायेगी।

————————————————————

आकांक्षी जिला कार्यक्रम के डेल्टा रैंकिंग में सीतामढ़ी ने राष्ट्रीय स्तर पर पहला स्थान हासिल किया है। नीति आयोग द्वारा जारी अक्टूबर से दिसंबर दो हजार पच्चीस

की डेल्टा रैंकिंग में जिले ने कृषि और जल संसाधन क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है।

———————————————————

औरंगाबाद जिले में रिसियप थाना क्षेत्र के पहरा गांव में पुलिस ने छापेमारी कर एक सौ पांच अवैध गैस सिलेंडर जब्त किये हैं। औरंगाबाद के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि मौके से सिलेंडरों के अलावा नब्बे गैस पासबुक, उज्ज्वला गैस चूल्हा तथा अन्य उपकरण बरामद किए गए।

———————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने पटना के नौबतपुर में सीडीपीओ कार्यालय में कार्यरत डेटा एंट्री ऑपरेटर संतोष कुमार को सैंतीस हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। संतोष कुमार आंगनबाड़ी केंद्रों से अवैध वसूली के तहत यह राशि ले रहा था।

———————————————————

आईपीएल क्रिकेट में आज अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस का मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स से होगा। मैच शाम साढ़े सात बजे खेला जाएगा। गुजरात टाइटन्स पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुकी है, जबकि चेन्नई सुपर किंग्स अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। वहीं, कल खेले गये मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स ने मुंबई इंडियंस को चार विकेट से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें जिंदा रखीं।

———————————————————

युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग आगामी पच्चीस मई से पटना के ज्ञान भवन में तीन दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन कर रहा है। मेले में स्वास्थ्य और सम्बद्ध क्षेत्र की कई कंपनियां भाग ले रही हैं। इच्छुक अभ्यर्थी बिहार रोजगार सेतु पोर्टल पर पंजीकरण कर नियोजक संस्थानों में आवेदन तथा स्लॉट बुक करा सकते हैं। टोल फ्री नंबर– एक आठ शून्य शून्य– दो नौ छह– पांच छह पांच छह पर संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

———————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने राज्यमंत्रिमडल के फैसले को पहले पन्ने पर स्थान देते हुये लिखा है– तकनीकी संस्थानों में युवा पेशेवारों की नियुक्ति होगी।

प्रभात खबर ने इसी खबर का शीर्षक दिया है– गया से बैंकॉक के लिए शुरू होगी सीधी उड़ान।

दैनिक भास्कर लिखता है– यूपीएससी दो हजार सत्ताईस सिविल सेवा प्रिलिम्स तेईस मई को।

दैनिक जागरण ने लिखा है– एक देश, एक चुनाव से बचेंगे सात लाख करोड़ रूपये।

आज अखबार की सुर्खी है– छह विश्वविद्यालयों में होगी कुलपतियों की बहाली, राज्यपाल सचिवालय ने बीस तक मांगे आवेदन।

राष्ट्रीय सागर ने लिखा है– सिपाही भर्ती के पांच हजार दो सौ बावन पदों के लिए चौदह से चौबीस जून तक होगी परीक्षा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. राज्य सरकार ने स्थानीय निकायों को अनुदान देने के लिए छठे राज्य वित्त आयोग की अनुशंसाओं को लागू रखने का फैसला किया।

02. प्रदेश के विभिन्न पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर असामाजिक तत्वों पर सख्ती के लिए पैनिक बटन लगाये जायेंगे।

03. पटना उच्च न्यायालय ने सहरसा जिले में मध्याह्न भोजन करने के बाद बच्चों की तबीयत बिगड़ने के मामले में स्वतः संज्ञान लिया। राज्य सरकार से मांगा जवाब।

04. और, मौसम विभाग ने आज औरंगाबाद, भभुआ, भोजपुर और रोहतास जिले में लू को लेकर रेड अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।